एक नजर

दुष्कर्म के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

जासं, बल्लभगढ़ : एक पीड़ित ने थाना सेक्टर-7 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तलाकशुदा है। वह सेक्टर-11 कंपनी में लेखाधिकारी के पद नौकरी करती है। उसका वहां पर एक युवक से प्रेम हो गया और वे दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। उसने उसे शादी करने का भी झांसा दिया था। वह गर्भवती हो गई तो उसने उसकी बिना अनुमति के गर्भपात करा दिया। बाद में वह उनके पास कम आने लगा तो, वह उनके घर पर गई। वहां पर उसने और उसके पिता ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर पिता और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

धोखाधड़ी के आरोप में दो मामले दर्ज

जासं, बल्लभगढ़ : गांव मच्छगर के रहने वाले राजबीर ने थाना सेक्टर-7 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-8 के रहने वाले सुभाष कुमार मलिक ने उन्हें सेना में भर्ती कराने के नाम पर पांच वर्ष पहले साढ़े पांच लाख रुपये लिए थे। उसने न तो उन्हें सेना में नौकरी लगवाया है और न ही उनकी रकम वापस लौटाई है। जब भी वे उनसे अपने रुपये देने के लिए कहते हैं वह जान से मारने की धमकी देता है। इसी तरह से दूसरी घटना में सेक्टर-8 के रहने वाले राजेश भधूड़िया ने थाना सेक्टर-7 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खाते से किसी ने ऑनलाइन 70 हजार रुपये निकाल लिए। उनके फोन पर मैसेज आया तो वे बैंक में पता करने के लिए गए। वहां पर रुपये निकले हुए बताए गए हैं। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

पुलिसकर्मियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने वालों का सुराग नहीं

जासं, बल्लभगढ़ : मंगलवार की सुबह थाना तिगांव पुलिस पर ट्रैक्टर- ट्रॉली चढ़ाने वालों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना तिगांव पुलिस में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक हरिओम मुखबिर की सूचना पर गांव मंझावली के पास नाका लगाए हुए थे। मंगलवार सुबह यमुना रेत से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रहे थे। पुलिस ने दोनों को रोकने के लिए इशारा किया तो चालकों ने बेरीकेड में टक्कर मारी और पुलिसकर्मियों के ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रास्ते में छोड़ कर भाग गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे अधिकारी हरिओम ने बताया अभी तक किसी भी आरोपी का सुराग नहीं लगा है। उनकी तलाश की जा रही है।

दो महिलाएं लापता, मामला दर्ज

जासं, बल्लभगढ़ : पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो महिलाओं के लापता होने के आरोप में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी का भी पता नहीं चला है। एक व्यक्ति ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी उम्र-22 वर्ष 30 अगस्त को बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई। उन्होंने रिश्तेदारों और संबंधियों के यहां ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी तरह से दूसरी घटना में एक व्यक्ति ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी उम्र 32 वर्ष 14 अगस्त को बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई। उन्होंने उसे हर जगह पर तलाश किया, लेकिन कहीं पर कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार

जासं, फरीदाबाद : पड़ोस में रहने वाले नाबालिग लड़के को बदनीयती से मोटरसाइकिल बैठा कर अपने साथ ले जाने और उसके साथ गलत हरकत करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रहलादपुर पुल के पास खड़े 15 साल के एक लड़के को उसके पड़ोस में रहने वाले सुशील सहगल नाम के युवक ने अपनी मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देने के बहाने बैठा लिया और उसे सुनसान क्षेत्र में ले गया। बताया जाता है कि वहां आरोपी ने किशोर के साथ गलत हरकत के इरादे से छेड़छाड़ शुरू कर दी, आरोपी की नीयत भांप कर किशोर ने शोर मचा दिया और भाग गया। किशोर ने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद थाना सूरजकुंड पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मेडिकल स्टोर सील, संचालक पर मामला दर्ज

जासं, फरीदाबाद : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से मेडिकल टर्मिनेशन आफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) किट बेचने के मामले में बुधवार बाटा चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर सील कर दिया। संचालक पर आरोप है कि उसने बिना डॉक्टरी परामर्श के 1500 रुपये में एमटीपी किट बेची है। संचालक के खिलाफ एमटीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। टीम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.शशि गांधी, डॉ. हरजिंद्र सिंह के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह भी थे। टीम ने पहले एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर मेडिकल स्टोर पर भेजा। उसने स्टोर संचालक से एमटीपी किट मांगी। संचालक ने ग्राहक से एमटीपी किट के बदले 1500 रुपये लिए। रुपये लेते ही संचालक ने ग्राहक को एमटीपी किट दे दी। इशारा मिलते ही विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्टोर संचालक को रंगे हाथ पकड़ लिया।

आपसी विवाद में जीजा ने की साले की हत्या

छह के खिलाफ मामला दर्ज, जीजा-बहन सहित तीन गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़ : गांव पियाला में आपसी विवाद में जीजा ने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर साले की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बहन, जीजा सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हत्या के आरोप में जीजा, बहन और एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। गांव पियाला निवासी सुरेंद्र (उम्र-41 वर्ष) की छोटी बहन रिंकी की शादी गांव बदरौला के रहने वाले जयभगवान से हुई थी। उसकी बहन रिंकी गांव में ही अपने पति जयभगवान के साथ पिछले करीब एक वर्ष से रहती है। सुरेंद्र रिंकी और जीजा का अपने घर पर रहने का विरोध करता था। वह अपनी बहन से ससुराल में जाकर रहने के लिए कहता था। इस बात को लेकर सुरेंद्र ने अपनी मां दयावती और बहन रिंकी के साथ शराब पीकर मारपीट भी की थी। सुरेंद्र ने सोमवार को शराब पीकर फिर रिंकी के साथ झगड़ा किया। झगड़ा होने के बारे में रिंकी ने अपने पति जयभगवान को सूचना दे दी। जयभगवान ने झगड़े के बाद अपने भाई जयप्रकाश, दोस्त जस्सु व दो अन्य लोगों को बुला लिया।

सुरेंद्र का फाइल फोटो

बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम के इंतजार में बैठे गांव पियाला निवासी सुंदर के परिजन।

उन्होंने सोमवार को भी सुरेंद्र के साथ मारपीट की, जिससे वह काफी घायल हो गया, लेकिन उसका किसी ने भी इलाज नहीं कराया। सुरेंद्र अपने घर में पड़ा रहा। उसकी मंगलवार को फिर जयभगवान, जयप्रकाश, जस्सु व दो अन्य ने पिटाई की। पिटाई में चोट लगने से उसने मंगलवार की रात को दम तोड़ दिया। परिजनों ने सुबह जब उसे देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। किसी ने थाना सदर पुलिस को सूचना दे दी। थाना सदर प्रभारी हंसराज ने मौके पर जाकर कार्रवाई करके शव को बादशाह खान अस्पताल पहुंचा दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। तिगांव के पुलिस सहायक आयुक्त बलवीर ने मौके मुआयना किया।

नशे में धुत जीजा ने साली से की छेड़छाड़

जासं, फरीदाबाद : शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने रास्ते में अपनी विवाहित साली को रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। साली के विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। मूलरूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी मां सूरजकुंड इलाके में रहती है। इन दिनों वह अपनी मां के पास रहने के लिए आई हुई है। पड़ोस में ही उसकी बड़ी बहन अपने परिवार के साथ रहती है। पिछले दिनों शाम को वह किसी काम से घर से निकली थी, रास्ते में उसके जीजा ने रोक लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर वह फरार हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस ने सुरेंद्र की हत्या के आरोप में जयभगवान, जयप्रकाश, जस्सु और दो अन्य के खिलाफ हत्या, बहन रिंकी के साथ हत्या का षड़यंत्र रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में जयभगवान, जस्सु व रिंकी को गिरफ्तार कर लिया है। जयप्रकाश और दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी मुस्तैदी से तलाश कर रही है।

विष्णु दयाल शर्मा, पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़।

पूर्व किराएदार भगा ले गया लड़की को

जासं, फरीदाबाद : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व किराएदार अपने मकान मालिक की 18 वर्षीय बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। एक अन्य घटना में थाना सारन क्षेत्र में 14 साल की एक लड़की को उसके सामने रहने वाली महिला अपने साथ ले गई। दोनों मामलों में पुलिस के हाथ फिलहाल खाली हैं। पहली घटना में सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके मकान में दिलशाद अली नाम का युवक किराएदार के रूप में रह रहा था। दिलशाद ने उसकी बेटी पर गलत नीयत डालनी शुरू की, तो चार महीने पहले उससे घर खाली करा लिया। बताया जाता है कि दिलशाद वहीं पड़ोस में ही कहीं रहने लगा। दो दिन पहले उसकी बेटी घर से अचानक लापता हो गई। उसकी तलाश की गई, पर कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि दिलशाद भी गायब है। युवती अपने साथ घर का मोबाइल फोन भी ले गई है। मामले के जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक महाबीर के अनुसार इस संबंध में मूलरूप से इटावा का रहने वाला दिलशाद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फोन लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। थाना सारन क्षेत्र में 14 साल की एक लड़की को उसके घर के सामने रहने वाली खुशबू दूबे नामक महिला अपने साथ ले गई है। जांच अधिकारी जान मोहम्मद के अनुसार खुशबू का पति घर पर ही है। उसके पति से पूछताछ में उसने कोई भी जानकारी होने से इंकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुकान में घुसा ट्रक बड़ा हादसा टला

सेक्टर-22-23 के मार्ग पर एक हार्डवेयर सामान की दुकान में घुसा ट्रक ● जागरण

जासं, फरीदाबाद : सेक्टर-22, 23 मार्ग पर मंगलवार रात्रि को बड़ा हादसा टल गया। पंजाब से आए एक ट्रक पर से उसका चालक संतुलन खो बैठा और एक दुकान में जा घुसा। गनीमत यह रही कि दुकान मालकिन कुछ क्षण पहले ही शटर गिरा दुकान बंद कर घर पहुंची थी। इस घटना में ट्रक के कंडक्टर को चोट आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना मुजेसर क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्ग पर ही हार्डवेयर का सामान बेचने की दुकान है। दुकान मालकिन सुमन और उसका बेटा रात को दुकान बंद करके ही नजदीक घर पहुंचे ही थे कि इस दौरान उन्हें जोर का धमाका सुनाई दिया। बाहर आकर देखा तो एक ट्रक उनकी दुकान के अंदर घुसा हुआ था। ट्रक की टक्कर से शटर अंदर की तरफ मुड़ गया था। इस टक्कर से दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर तो बाल-बाल बच गया, लेकिन कंडक्टर को सिर पर चोट आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोटिल कंडक्टर को

ट्रक की टक्कर के बाद दुकान के अंदर का दृश्य

नागरिक अस्पताल भर्ती कराया। कंडक्टर ने बताया कि ट्रक पंजाब से आया था। सेक्टर-22 पहुंचने पर ड्राइवर अचानक स्टेयरिंग को काबू न कर सका और दुकान में टक्कर मार दी। दुकान मालकिन सुमन के अनुसार दुकान में नुकसान तो हुआ है, पर शुक्र है कि दुकान बंद थी और वो थोड़ी देर पहले ही बच्चे के संग घर पहुंची थी। थाना मुजेसर एसएचओ विनोद कुमार के अनुसार मामला दर्ज कर ड्राइवर वीरेंद्र निवासी लुधियाना को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में शराब पीकर गाड़ी चलाने की पुष्टि हुई है।

ईमानदारी से राशन बांटना भी अन्नदान के बराबर : त्रिखा

जासं, फरीदाबाद : राशन वितरण प्रणाली को और बेहतर व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विधायक सीमा त्रिखा ने बुधवार को निगम सभागार में क्षेत्र के डिपो होल्डरों एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर त्रिखा ने कहा कि इमानदारी से राशन बांटना भी एक तरह से अन्नदान के बराबर है, इसलिए यह केवल उनका दायित्व ही नहीं बल्कि एक पुण्य का कार्य भी है। विधायक ने डिपो होल्डरों के सुझावों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और उन्हें निर्देश दिए कि वह अपनी दुकानों पर बड़े बोर्ड लगाकर कार्य करें और जनता की बेहतर सुविधा के लिए छुट्टी के दिन भी कुछ समय देकर जनता की समस्याओं को सुलझाएं।

बैठक में सभी डिपो होल्डरों व खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने विधायक को विश्वास दिलाया कि वह आपस में बेहतर तालमेल बनाते हुए लोगों को समय पर राशन व अन्य डिपो सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। बैठक में महापौर सुमन बाला, पार्षद मनोज नासवा, जसवंत सिंह, हेमा बैंसला सहित रामरतन, बिशंबर भाटिया, अमित आहूजा, मुकेश चौधरी, ओमप्रकाश, अफजल अंसारी, हरदयाल मदान, हरेंद्र भडाना, केसी शर्मा, रमन जेटली, सूरज सवारिया उपस्थित थे।

लिंग्याज की फ्रेशर पार्टी ने जमकर झूमे छात्र

जासं, फरीदाबाद : लिंग्याज यूनिवर्सिटी में नवागुंतकों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.पिचेश्वर गड्डे ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ छात्रों को नए छात्रों का मार्गदर्शन करना चाहिए, ताकि वे कॉलेज जीवन का आनंद लेते हुए अपने जीवन को सफल बनाएं। कुलपति डॉ.आरके चौहान ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उपकुलपति डॉ.अशोक अरोड़ा ने छात्र जीवन के नियमों का पालन करने के लिए समझाया। इस अवसर पर वरिष्ठ छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान फैशन शो का उपस्थितजनों ने लुत्फ उठाया। इसके बाद नए छात्रों ने भी अपना टैलेंट दिखाया, जिसमें उन्होंने कई

लिंग्याज यूनिवर्सिटी में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

पड़ाव पार किए। इसके बाद इन्हीं छात्रों में से मिस्टर फ्रेशर प्रिंस और मिस फ्रेशर भावना को चुना गया। छात्र-छात्राओं के उत्साह को देखते हुए कार्यक्रम के मुख्य संचालक डॉ.तपस कुमार ने बच्चों का धन्यवाद देते हुए उम्मीद व्यक्त की कि वे इसी तरह भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहेंगे।

आठ माह पूर्व तलाक का मामला पंचायत में निपटा

संवाद सहयोगी, हथीन : आठ माह पूर्व तलाक एक मामले में मूलथान व मलाई गांव के लोगों की पंचायत मलाई गांव में बुधवार को हुई। पंचायत में लड़के पक्ष को लड़की पक्ष के लोगों को डेढ़ लाख रुपये देने का फरमान सुनाया गया। दोनों पक्षों की रजामंदी पर मामले को पंचायत में निपटा लिया गया। लड़के पक्ष को यह राशि 15 सितंबर तक अदा करनी होगी।

मलाई निवासी शमशुद्दीन के बेटे साहिद की शादी तीन साल पहले मूलथान की युवती के साथ हुई थी। तीन साल शादी चलने के बाद साहिद व उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद यहां तक बढ़ गया कि शाहिद ने अपनी पत्नी को आठ माह पहले लिखित रूप में तलाक दे दिया। आठ माह पहले घटी इस घटना

फैसला

- लड़के पक्ष को देने होंगे लड़की पक्ष के लिए डेढ़ लाख रुपये
- आठ माह पहले लिखित रूप से लड़के ने लिया था तलाक

को लेकर लड़की पक्ष के लोग बुधवार को पंचायत लेकर मलाई गांव आए। पंचायत में दोनों पक्षों की सहमति के बाद मामले को निपटा लिया गया। पंचायत में पूर्व विधायक अजमत खां, हाजी उसमान, जमालू, करीमुद्दीन, सरफुद्दीन, मुज्जी, मोहम्मद हसीन, अली मोहम्मद, अख्तर हुसैन, अब्दुल सुभान, तैयब, वारिश, समसु, आलमदीन के अलावा कई लोग मौजूद थे।

भारत पेट्रोलियम के मैनेजर को झांसा देकर लैपटॉप उड़ाए

जासं, फरीदाबाद : पुलिस को दी शिकायत में अशोका एंकलेव में रहने वाले प्रशांत कुमार ने कहा कि वह रोज कार से नोएडा जाते हैं। गत दिनों वह घर लौट रहे थे, तो बाइक सवार दो युवकों ने उनसे कहा कि कार से तेल टपक रहा है। कार रोक कर जांच की, तो सब कुछ ठीक था। वापस आकर सीट पर बैठ गए, तो साथ सीट पर नजर मारी, तो वहां रखे दो लैपटॉप गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

प्रयाग शर्मा ने शिकायत में कहा है कि सेक्टर 55 में अपने मकान में सुबह उठा, तो घर की हालत अस्त व्यस्त थी। देखने पर पता चला कि चोर दो लैपटॉप और एक मोबाइल फोन चुरा कर फरार हो गए है। अन्य मामले में गांव इस्माइलपुर निवासी राजेंद्र सिंह के घर से चोर एक मोबाइल फोन और दस हजार रुपये चुरा ले गए।

बदमाशों के निशाने पर व्यापारी

जासं, फरीदाबाद : एनआइटी क्षेत्र बदमाशों के निशाने पर है। बदमाश हथियारों के बल पर दिनदिहाड़े लूट जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस केवल मामला दर्ज करने तक ही सीमित है। दो महीने के अंदर लूट की चार बड़ी वारदातें हुई हैं। चारों में ही पुलिस के हाथ खाली हैं। चारों वारदातें तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई हैं। ये घटनाएं एक ओर जहां इस क्षेत्र में नाकाबंदी और गश्त की स्थिति को उजागर करती हैं, वहीं लूट जैसे मामलों में पुलिस की जांच प्रक्रिया की भी पोल खोलती हैं। इससे व्यापारी वर्ग भी दहशत में है।

सभी मामलों में गहनता से जांच चल रही है। थाना पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच टीमें भी लगी हैं। कुछ में अहम सुराग भी हाथ लग गए हैं। सभी मामले सुलझा लिए जाएंगे।
आस्था मोदी, डीसीपी एनआइटी।

एनआइटी में ये हुई वारदातें

4 सितंबर : एनआइटी-3 स्थित कपड़े व जूते के शोरूम में बदमाशों ने मालिक अनिल धवन व सेल्समैन को तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर बंधक बना लिया था। वे शोरूम के अंदर से 17 हजार रुपये लूटकर ले गए। बदमाश कार में सवार होकर आए थे। अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा है। मामला एसजीएम नगर थाने का है।

4 अगस्त : बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर विजय कुमार दोपहर बाद सवा तीन बजे चार लाख रुपये लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। एनआइटी-5 में सेंट जोसेफ स्कूल के पास एक कार ने टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया। बदमाशों ने उनके पैर में रॉड मारी। पिस्तौल तानकर चार लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया।

14 अगस्त : हथियारबंद बदमाशों ने एनआइटी-5 स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम में मैनेजर ब्रजमोहन भाटिया व अन्य कर्मियों को हथियार दिखाकर स्टोर रूम में बंद कर दिया था। वे 95 हजार रुपये लूटकर ले गए थे। ये भी कार में सवार होकर आए थे। इस मामले में एनआइटी थाना पुलिस ने जांच शुरू की थी, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

30 जुलाई : एनआइटी-5 निवासी स्क्रैप कारोबारी संदीप ओबरॉय की स्कूटी नेहरू ग्राउंड में एक आइ-20 कार ने टक्कर मारकर गिरा दी। कार से तीन लड़के उतरे। उन्होंने पिस्तौल के बल पर संदीप ओबरॉय को कार में बिठा लिया और कार भगा दी। रास्ते में उन्होंने संदीप से 37 हजार रुपये व अन्य सामान लूट लिया। उन्हें बीपीटीपी चौक पर छोड़कर फरार हो गए।

मारपीट व लूटपाट के आरोप में 20 लोगों पर मामला दर्ज

जासं, बल्लभगढ़ : आदर्श नगर की रहने वाली एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और 40 हजार रुपये छीनने के आरोप में पुलिस ने साढ़े चार महीने बाद 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आदर्श नगर की रहने वाली महिला सुमन ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को उनके घर में घुस कर सुभाष कॉलोनी के रहने वाले पुनित, राहुल, गांव मच्छगर के रहने वाले मुक्खी धनकड़, पृथला के रहने वाले शिवम और 16 अन्य लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वे उनसे 40 हजार रुपये छीन कर ले गए।

मामले की जांच कर रहे पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक इस घटना की उच्च अधिकारियों के स्तर जांच की जा रही थी। अब जांच का काम पूरा हो चुका है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सीबीआइ से जांच कराने की मांग

जासं, फरीदाबाद : महात्मा सावित्री बाई फूले सेवा समिति ने गांव दौलताबाद सेक्टर-16 ए की खसरा नंबर 25 व 27 एवं 28 की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की है। संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि ये जमीन गांव का जोहड़ है। इस पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इस मामले में संस्था के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम सेक्टर-12 लघु सचिवालय में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जासं, फरीदाबाद : जिले में मकानों के ऊपर से जा रही बिजली की हाईटेंशन लाइनों को हटाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बाहर धरना दिया और राज्यपाल के नाम तहसीलदार सुशील कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कार्यकर्ताओं का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिह भाटी कर रहे थे। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव जलसा खान अल्वी, रिछपाल नागर, महावीर बिश्नोई, प्रमोद यादव, केशवदेव सिंह, ठाकुर टीएस गौड़, नानकचंद, समय सिंह पंचाल, प्रदीप रावत, श्रीदेव रावत, शैलेश चौधरी, शिवम यादव, सागर यादव, सुशीला कहार, आदि प्रमुख थे।

बेसिक लाइफ सपोर्ट पर व्याख्यान का आयोजन

जासं, फरीदाबाद : प्राथमिक चिकित्सा और जीवनरक्षक उपायों से संबंधित जानकारी एवं ज्ञानवर्धन के लिए वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपोलो क्लीनिक से डॉ. क्रिस्टोफर आमंत्रित वक्ता रहे। उन्होंने बेसिक लाइफ सपोर्ट को लेकर अनुभव साझा किया और विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट के प्रति जागरूकता को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कार्डियोपल्मोनरी रिसासिटेशन के अभ्यासक्रम की जानकारी दी और

जागरुकता

- वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में किया गया कार्यक्रम का आयोजन
- अपोलो क्लीनिक के डॉ. क्रिस्टोफर ने अपने अनुभव साझा किए

आपात स्थिति में रोगी को कार्डियोपल्मोनरी रिसासिटेशन प्रदान करने की तकनीकों के बारे में बताया। कार्डियोपल्मोनरी रिसासिटेशन एक अपातकालीन प्रक्रिया है, जिसमें हृदय अघात की स्थिति में रोगी को कृत्रिम श्वास दी जाती है और छाती बार-बार दबाई जाती है।

नव भारत मंथन 8 को

जासं, फरीदाबाद : केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केंद्र भुपानी परिसर में 8 सितंबर को किसानों के लिए नव भारत मंथन के तहत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, पर्यावरण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री विपुल गोयल होंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति के.पी. सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव तरसेम चंद, आइसीएआर से एडीजी डॉ.रंधीर सिंह और हिसार कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

डायमंड के कारोबार पर संगोष्ठी आयोजित

जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका की ओर से आयोजित संगोष्ठी में मौजूद फरीदाबाद स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष बोधराज कपूर, आभूषण निर्माता एसो के अध्यक्ष एस रहमान तथा सराफा कारोबारी।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : डायमंड के कारोबार से जुड़ी कंपनी जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका (जीआइए) की ओर से डायमंड के कारोबार पर संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता फरीदाबाद स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष बोधराज कपूर ने की। फरीदाबाद आभूषण निर्माता एसोसिएशन के अध्यक्ष एस रहमान तथा संघ के महासचिव नरेश कपूर विशिष्ट अतिथि थे। जीआइए के प्रतिनिधि कशिश सचदेवा ने बताया कि सबसे अधिक डायमंड अफ्रीका से निकलता है। उन्होंने गोल्ड कारोबारियों से कहा कि डायमंड के कारोबार से भी जुड़ें। जीआइए के कार्यकारी अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया। बोधराज कपूर ने कार्यक्रम के आयोजन पर आभार प्रकट किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई-नई जानकारियां मिलती हैं।

दैनिक जागरण
JOB OPPORTUNITY
We are looking for smart, dynamic and result oriented candidates for the following position
Asst. Manager (Classified)
Senior Executive (Classified)
Location : Ghaziabad and Noida
The candidate should have 3-4 years Ad. Sales Experience in Print Media, preferably in Classified Sales. He should have good reputation with advertising agencies and clients for classified business.
Interested candidates may mail their resume with photograph to mr.snjha@nda.jagran.com /hr@nda.jagran.com